हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री


10 नगर पालिका ने अवैध कब्जा पर लगाया सरकारी ताला





12 पानी टंकी अधूरी, अंचल के ग्रामीण प्यासे




## खबर संक्षेप

### कंडेल में अखंड रामधुनी महायज्ञ सम्मेलन एवं प्रतियोगिता 12 से

**पुरी।** अखण्ड रामधुनी महायज्ञ सम्मेलन एवं प्रतियोगिता का आयोजन गांधी चौक कण्डेल में 12 से 15 सितंबर तक किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि जेआर साहू शिक्षक होंगे। अध्यक्षता गिरधर सार्वा सरपंच कण्डेल करेंगे। विशेष अतिथि श्रीमती दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य धमतरी, श्रीमती बसंती साहू उपसरपंच कण्डेल, रामाधार साहू पूर्व जनपद सदस्य, रोशन साहू पंच, ओमप्रकाश सिन्हा पंच होंगे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता राजेन्द्र शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि गिरधर सार्वा सरपंच कण्डेल, यतीशभूषण श्रीवास्तव अध्यक्ष कण्डेल सोसाइटी, शिवराम साहू, वेदव्यास साहू होंगे।



### नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण के लिए 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है, आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है। प्रशिक्षण के दौरान फोटो सूट, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, एल्बम, बंधन एल्बम, करिज्मा एल्बम, डीएसएलआर कैमरा में फोटो शूट की प्रायोगिक जानकारी के साथ सैद्धान्तिक जानकारी भी दी जायेगी। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटें आरक्षित हैं।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 26 तक

**धमतरी।** शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण से विभूषित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) वीरांगनी रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2026 राज्य स्थापना समारोह राज्योत्सव में प्रदान किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का ने बताया कि मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान), वीरांगनी रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित है। इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला की प्रविष्टियां जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी में 26 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मेघा में दुर्गोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 सितंबर से

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र पर्व पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा। 23 सितम्बर को पायल महादेव रिकॉर्डिंग डांस मरोदा भिलाई, 25 सितम्बर को संगी जहुरिया रामधुनी पार्टी छिपली (पुष्कर ग्रुप), 27 सितम्बर को शिवगंगा नाचा पार्टी मेघा, 28 सितम्बर को रिकार्डिंग डांस, 30 सितम्बर को जय मां शीतला जस झांकी परिवार बजरंग चौक बटरेल (पाटन), 1 अक्टूबर को मया के अंजोर रिकार्डिंग डांस परिवार सुरेगांव अर्जुंदा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। शरद पूर्णिमा पर 7 अक्टूबर को रात्रि में लोकरंग अर्जुंदा (दुर्ग) की प्रस्तुति होगी।

80 किमी पाइपलाइन से 20 हजार घरों में पानी की होती है आपूर्ति

# शहर की पुरानी पाइपलाइन बदलेगी, सर्वे प्रारंभ सौ साल तक नहीं होगी पानी की किल्लत

- 20 हजार नल कनेक्शन, 12 ओव्हरहेड टैंक, 14 और 9 एमएलटी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए दशकों पूर्व बिछाई गई पाइपलाइन बदली जाएगी जिसके लिए इंजीनियरों की टीम वार्डों में जाकर सर्वे कर रही है। पुरानी हो चुकी पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज है जिसकी वजह से आए दिन कीमती पेयजल सड़कों पर बहता है। रिपेयरिंग में भी काफी खर्च आता है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का प्रेशर काफी अधिक रहता है इसलिए पुराना पाइप फट जाता है। पाइप फटने से पानी का बहाव कम होता है और नलों में प्रेशर कम रहता है।

उल्लेखनीय है कि शहर की आबादी 40-50 साल काफी कम थी।



2025 में लगभग 1.50 लाख है। पेयजल की दिक्कत को देखते हुए महानदी मुख्य नहर के समीप 14.70 एमएलडी की क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गई है जिससे शहरवासियों को भरपूर पानी मिल रहा है। इसके अलावा समीप में 35 करोड़ की लागत से 9 एमएलडी क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार है जिसका शुभारंभ होते ही नगरवासियों को सौ साल तक पानी की किल्लत नहीं होगी। पानी की आपूर्ति के लिए शहर के सभी वार्डों में लगभग 85 किमी पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है।

इसके अलावा वर्तमान पानी का प्रेशर झेल सके ऐसी नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। 50 साल पुराना पाइप उखाड़ा जाएगा। इस पाइपलाइन की लंबाई 40 से 50 किमी होगी। पानी की अपूर्ति बढ़ाने 10 ओव्हरहैड टैंक का निर्माण किया गया है। जहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सीधे टंकी में आ रहा है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगरवासियों को बारहों माह पानी मिले, इसका प्रयास किया जा रहा है, पुरानी पाइपलाइन बदली जाएगी। नया पाइप लगाया जाएगा। इस योजना के कम्पलीट होने पर नगरवासियों को पानी की किल्लत कम होगी। रिपेयरिंग, पाइपलाइन फटने, लीकेज की समस्या नहीं रहेगी। पाइपलाइन को वार्डों के हिसाब से तीन श्रेणी में बांटा गया है जिसमें सीमेंट, लोहा, बीड लोहा का पाइप लगा है। तीन लाइन होने की वजह से पानी का प्रेशर कम रहता है। पुरानी सीमेंट वाली पाइप लाइन बदली जाएगी। पेयजल के लिए एक ही पाइपलाइन रहेगी। मजबूत पाइपलाइन नहीं फटेगी, प्रेशर भी खूब रहेगा। विदित हो कि बड़ा राइजिंग पाइप 34 किमी तक बिछाया गया है। पानी के लिए घरेलू पाइपलाइन की लंबाई लगभग 80 किमी तक होगी। 3 ओव्हरहैड टैंक हो गया है। शहर में औसतन 20 हजार से अधिक घरों में निजी नल कलेक्शन लगा हुआ है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा प्रति व्यक्ति 114 लीटर पानी की आपूर्ति प्रतिदिन होती है।

बता दें कि 2013 में पहला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बना, इसके बाद दूसरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 2025 में तैयार हुआ। दोनों प्लांट के एक साथ काम करने से शहरवासियों को भरपूर पानी मिलेगा। आबादी बढ़ने के बाद अगले सौ साल तक पानी की किल्लत नहीं होगी। इससे पहले बोर के पानी से ही आपूर्ति होती थी। बारहों माह पानी की किल्लत रहती थी। गर्मी में ज्यादातर नल कनेक्शन बंद होने से लोगों के बीच सिर फुटौव्वल की स्थिति निर्मित होती थी। वार्डों में पानी टेंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती थी, अब हालात बदल गए।

## सदर बाजार के एक मकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- फायर ब्रिगेड व लोगों ने आग पर पाया काबू

सदर बाजार में घनी आबादी के बीच स्थित एक पुराने मकान में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड व आसपास के लोगों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार मार्ग पर डॉ. गुप्ता क्लिनिक के पास पवन गुप्ता का मकान है। बुधवार की सुबह आसपास के लोगों ने मकान से धुआं निकलते देखा। पड़ोसी व टहलने निकले लोग मौके पर पहुंचे। मकान से उठ रही आग की लपटों व धुआं को देख लोगों ने तत्काल पानी की व्यवस्था कर आग को बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड का एक फायरमेन भी मौके पर पहुंच गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और आग को बुझाने में जुट गई। फायर ब्रिगेड व लोगों के प्रयास से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घनी आबादी के बीच मकान में आग लगने से



आसपास अफरातफरी मच गई थी, लेकिन समय रहते आग को बुझा लेने से बड़ी घटना टल गई। बताया गया कि घटना के समय मकान के भीतर एक बुजुर्ग सो रहा था। उक्त मकान काफी पुराना है जो एक समय में मिष्ठान के लिए प्रसिद्ध था। मौके पर मौजूद लोगों ने नुकसान से बचाने मकान के भीतर रखे सामानों को बाहर निकाला। इस कारण ज्यादा नुकसान नहीं हो पाया। आशंका जताई जा रही है कि दीया जलाने से आग लगी है।

## वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गए वृद्ध ने अपने रिश्तेदार के घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय हटकेशर वार्ड निवासी मोहन खरे पिता उदल उम्र 62 वर्ष मंगलवार को अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने मकेश्वर वार्ड गया था जहां वृद्ध शराब सेवन कर वहीं सो गया। बुधवार की सुबह वृद्ध ने रिश्तेदार के घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर



पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से उतार वरदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेजा। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वृद्ध द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## अवैध रेत परिवहन में लिप्त 10 वाहनों पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न स्थानों बुड़ेनी, नारी, खट्टी, मेघा, भाटागांव, दोनर, सेल्दीप, राजपुर, लीलर, कुंडेल, ढीमरटिकुर, अछोटा, कलारतराई में जांच करते हुए ग्राम दोनर से 3 वाहन और मंदरौद सेलदीप से 2 हाइवा, अछोटा से 4 ट्रेक्टर तथा कलारतराई से 1 टिप्पर कुल 10 वाहनों को बिना पिटपास के अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई की गई। इस



दौरान 8 वाहनों को जब्त कर कॉपोजिट बिल्डिंग धमतरी तथा 2 वाहन को थाना भखारा में अभिरक्षा में रखा गया।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खान और खनिज



(विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## उमरगांव में दीवार गिरने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ब्लाक के सिहावा थाना अंतर्गत ग्राम उमरगांव में कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई।

घटना 9 सितंबर की है। ग्राम उमरगांव निवासी तुलसीबाई नेताम उम्र 58 वर्ष पति गौतमराम नेताम अपने घर की बाड़ी में कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान अचानक एक कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। महेश अग्रवाल, कृष्ण मारकोले, जयकरण सेन एवं अन्य ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें नगरी स्थित सिविल अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर



दिया। घटना की सूचना सिहावा थाना को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी है।

## प्लास्टिक टब में नहर किनारे मिली नवजात बच्ची

- शिशु को खेत में काम करने गई महिलाओं ने देखा
- पुलिस ने बच्ची को चाइल्ड लाइन के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

करेली बड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेंडरी में नहर के पास एक नवजात बच्ची मिली है। सुबह खेत में काम करने गए मजदूरों ने बच्ची को देखा और इसकी सूचना गांव के पूर्व सरंपच को दी। नवजात शिशु मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया है।



मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह भेंडरी-करेली बड़ी मुख्य मार्ग के बीच पड़ने वाली नहर के पास एक प्लास्टिक टब (धमेला) में नवजात बच्ची पड़ी मिली। सुबह खेतों में काम करने जा रही महिलाओं ने बच्ची को देखा, जिसकी सूचना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़ी करेली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची को करेली बड़ी स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि बच्ची को सुबह 4-5 बजे के बीच किसी ने छोड़ा होगा। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है। चर्चा है कि शिशु लड़की होने के कारण उसे यहां छोड़ दिया गया होगा। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची किसी अवैध संबंध का नतीजा हो सकती है। लोकलाज के डर से मां ने बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया होगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम प्रसूता महिलाओं की जानकारी जुटा रही है। आसपास के अस्पतालों में जन्मे नवजात शिशुओं की भी जानकारी जुटाई जाएगी। आसपास लगी सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जाएगी। करेली बड़ी चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने बताया कि ग्रामीणों से नवजात बच्ची मिलने की सूचना मिली है। बच्ची को पहले करेली बड़ी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां बच्ची को पूरी तरह स्वस्थ बताया गया। इसके बाद वे खुद दो मितानिनों के साथ बच्ची को मगरलोड सीएचसी ले गए, जहां से उसे धमतरी जिला अस्पताल ले जाया गया। चौकी प्रभारी एएसआई राधेश्याम बंजारे ने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार बच्ची करीब 10 दिन की है। बच्ची को स्वस्थ हालत में चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मां की कब्र से 20 मीटर दूर लगाई फांसी, ग्राम पाइकभाठा का मामला

## मां के दशगात्र के एक दिन बाद बेटे ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मां के निधन और उनके दशगात्र के महज एक दिन बाद ही बेटे ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के पाइकभाठा निवासी लेखराम ध्रुव उम्र 45 वर्ष ने अपनी मां का अंतिम संस्कार कर दशगात्र संपन्न कराया था। बताया जाता है कि दशगात्र के अगले ही दिन वे खेत की ओर गए और गिट्टी खदान के सामने चिराई जाम के पेड़ पर





अपनी मां के कफन कपड़े को ही फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। यह स्थान उनकी मां की कब्र से 20 मीटर की दूरी पर था। घटना की सूचना मिलते ही सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को नगरी सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। लेखराम ध्रुव की आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है और गांव में मातम पसरा हुआ है।

## चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**धमतरी।** रत्नाबांधा मार्ग में चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से रत्नाबांधा दुर्गा मंदिर के पास एक युवक द्वारा चाकू लहराकर आने जाने वालों को डराने-धमकाने का प्रयास करने की सूचना मिली। कोतवाली टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक के हाथ से धारदार बटंची चाकू जब्त



किया। युवक बटंची चाकू को हवा में लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। पुलिस ने आरोपी कामेश्वर नागरची पिता दिनेश उम्र 19 वर्ष रत्नाबांधा पीजी कालेज मोड़ निवासी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


हरिभूमि पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


जिला सहकारी बैंक का एटीएम कार्ड दीगर बैंकों के एटीएम में नहीं कर रहा काम

# एटीएम कार्ड लेकर भटक रहे ग्रामीण व किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रकम निकालने के लिए बैंक में लाइन लगाने के झंझट से मुक्ति देने के लिए जिले के किसानों को जिला सहकारी बैंक द्वारा जिले में 69 हजार एटीएम कार्ड बांटे गए हैं। इसके अतिरिक्त 10 एटीएम भी स्थापित किए गए हैं लेकिन मेंटनेंस के अभाव में अधिकांश एटीएम खराब पड़े हैं। कुछ में तो रुपए ही नहीं है। जिला सहकारी बैंक के एटीएम कार्ड से एसबीआई सहित अन्य कई बैंकों से भी राशि नहीं निकल रही है।

जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा किसान है, जिनका लेनदेन जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है। इन किसानों को लेनदेन के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में लाइन लगाकर रकम निकालने पड़ते थे। कई बार तो शाखाओं में इतनी भीड़ लग जाती थी कि किसानों को दिनभर इंतजार करना पड़ता था। खासकर धान खरीदी के समय या बोनस आने पर। इस समस्या को देखते हुए जिला सहकारी बैंक ने किसानों को एटीएम कार्ड बांटे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में 69 हजार किसानों को एटीएम कार्ड बांटा गया है। जिलेभर में जिला सहकारी बैंक की 11 शाखाएं हैं। कोर्रा शाखा को छोड़कर बाकी 10 शाखाओं में एटीएम भी लगाए गए हैं। विडंबना यह है कि इसमें से कई एटीएम खराब है या उनमें नगद राशि नहीं है। ऐसे में किसानों को आहरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





### लगती है सैकड़ों लोगों की भीड़

खेती किसानी का काम जोरों पर है। निंदाई, खाद और दवा के लिए किसानों को रकम की जरूरत है। ऐसे में वे रुपए निकालने के लिए एटीएम सेंटर जा रहे हैं। वहां से निराश होने के बाद जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में मैनुअली नकद राशि निकालने पहुंच रहे हैं। यहां पर रोज किसानों की भीड़ उमड़ रही है। किसान युवराज शर्मा, गिरधर साहू, मुरारी साहू का कहना है कि यदि एटीएम दुरूस्त कर दिए जाएं तो उनकी आधी से ज्यादा समस्या दूर हो जाएगी।

### दीगर बैंकों के एटीएम से राहत नहीं

एटीएम कार्ड देते वक्त किसानों को आश्वासन दिया गया था कि एटीएम कार्ड से जिला सहकारी बैंक के साथ स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंकों से भी राशि निकाली जा सकती है। महीने में चार ट्रांजिक्शन फ्री रहेगा। विडंबना यह है कि स्टेट बैंक सहित अधिकांश बैंकों के एटीएम से भी राशि नहीं निकल रही है। आइसीआइसी बैंक सहित कुछ बैंकों के एटीएम में यह कार्ड काम कर रहा है। ऐसे में किसानों को राशि निकालने के लिए फिर से बैंकों में लाइन लगानी पड़ रही है।



## खबर संक्षेप

### पीएचसी बड़गांव में डॉक्टर की अनुपस्थिति मरीज हैं परेशान

**पखांजुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में पिछले तीन दिनों से डॉक्टर नदारद हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह से चरमरा गई हैं। मरीजों का इलाज डॉक्टर के बजाय केवल सिस्टर और वार्डआया के भरोसे चल रहा है, जो कि मरीजों की जान के लिए एक गंभीर खतरा है। ग्रामीणों के अनुसार, डॉक्टर की अनुपस्थिति की जानकारी होने के बावजूद उच्च अधिकारी इस लापरवाही पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में आम जनता को न तो सही परामर्श मिल पा रहा है और न ही आवश्यक जांच और उपचार। स्वास्थ्य विभाग की यह अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है, खासकर तब जब ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहले से ही कमी है। इस स्थिति में किसी भी आपातकालीन घटना के होने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। प्रशासन को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि ग्रामीण जनता को उचित स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।

### सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**कांकेर।** सखी वन स्टॉप सेंटर कांकेर के संचालन के लिए इच्छुक पात्र सेवा प्रदाताओं से 22 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिला स्तरीय समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि यदि किसी आवेदक को प्रकाशित सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह 22 सितम्बर की सायं 05 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्रस्तुत कर सकता है। दावा-आपत्ति केवल रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से ही जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कांकेर में प्राप्त की जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### वनभूमि पर काबिज परिवारों को पट्टा देने की मांग की

**पखांजूर।** वनाधिकार संघर्ष मंच ने परलकोट क्षेत्र में लंबे समय से वनभूमि पर रह रहे परिवारों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पट्टा देने की मांग की है। मंच का आरोप है कि उचित कानून होने के बावजूद प्रशासन की उदासीनता और राजनीतिक दलों के चुनावी वादों के कारण कई योग्य परिवार अभी भी अपने हक से वंचित हैं। मंच के अध्यक्ष छोटेलाल टांडिया ने कहा कि इस क्षेत्र में कई आदिवासी और गैर-आदिवासी परिवार पीढ़ियों से वनभूमि पर रह रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक की हुई मौत

**बासनवाही।** मांडाभर्री निवासी 65 वर्षीय लच्छुराम मरकम खेत से वापिस अपने घर आ रहा था, तभी गेंदलाल पांडे के घर के पास सामने से आ रहा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 2926 के चालक टिकेश्वर पटेल पिता नईत राम ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल को चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से सिर सीना व पैर में गंभीर चोट लगा था, जिसे सारवण्डी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया।

### कौंसिल ने दी ग्रामीणों को राहत सामग्री

**जगदलपुर।** एलियल बाइबल प्रचार मिशन कौंसिल द्वारा संस्था प्रमुख बिशप रेव्ह. विजय थोबी के नेतृत्व में लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम में मांदर के लिए राहत सामग्री अपर कलेक्टर के माध्यम से पहुंचाई गई। जिसमें चावल, दाल, बड़ी, आलू, प्याज, साड़ी, टॉवल, लूंगी बनियान प्रदान किया और बाढ़ पीड़ितों एवं उनके परिवार जनों के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर रेव्ह. सुभाष बघेल, गिरधर मौर्य, नरेश कुमार थोबी, जीवन दास वह अन्य उपस्थित रहे। इसकी जानकारी अनिमेष दास द्वारा दी गई।

---

अवैध कब्जा खाली करने व बकाया टैक्स जमा करने थमाया नोटिस

# नगर पालिका ने अवैध कब्जा पर लगाया सरकारी ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पालिका कुरुद के बीचोबीच स्थित सुपर मार्केट की दुकान नंबर 25 से अवैध कब्जा हटाते हुए नगर पालिका की टीम ने दुकान सील कर दी है साथ ही बकाया राशि जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

बुधवार को नगर पालिका राजस्व प्रभारी, अधिकारी दलबल के साथ सुपर मार्केट दुकान नंबर 25 पर पहुंचे। मौके पर दुकान संचालक आकाश रामाणी से जवाब-तलब किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त दुकान को तोड़कर नए स्वरूप में तैयार किया गया है, जो कि पूर्णतः अवैध निर्माण है। इस पर अधिकारी ने तत्काल अवैध रूप से तोड़ी गई दीवार को सील करने और दुकान खाली करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संचालक दुकान को तत्काल खाली नहीं करता, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



#### अवैध निर्माण तोड़कर मूल रूप में लाया जाएगा

सीएमओ महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि लगातार नोटिस की अवहेलना करने वाले व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से तोड़ी गई दीवार को सील करने और दुकान खाली करने का निर्देश दिया। यदि संचालक दुकान तत्काल खाली नहीं करता, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर अवैध निर्माण को तोड़कर दुकान को पुनः मूल स्थिति में लाया जाएगा।

#### नियम विरुद्ध कृत्य के खिलाफ पालिका ने उठाया कदम

नया बाजार स्थित दाऊ गंगाप्रसाद व्यावसायिक परिसर में अजजा वर्ग के लिए आरक्षित दुकान क्र. 25 को पिछली परिषद ने आकाश रामाणी को किराये पर दे दिया था। जिसने तत्कालीन सीएमओ, अध्यक्ष के मौखिक आदेश के आधार पर उक्त दुकान की दीवार तोड़कर अपनी दुकान में शामिल कर लिया। इस नियम विरुद्ध कृत्य के लिए निकाय की ओर से आकाश रामाणी को दो बार दुकान खाली करने एवं बकाया राजस्व 2 लाख 31 हजार रुपये जमा करने का नोटिस दिया था। इसके बावजूद न दुकान खाली की गई और न ही राशि जमा कराई गई। तब नगर पालिका की टीम को यह कदम उठाना पड़ा।

---

# वन काष्ठागार डिपो नगरी की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

- जांच नाका भगवान भरोसे, लोग खुलेआम लकड़ी ले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





वन विभाग द्वारा संचालित वन काष्ठागार डिपो नगरी में लंबे समय से सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी उजागर हो रही है। यह वही स्थान है जहां विभिन्न किस्म की इमारती लकड़ी एकत्रित कर रखी जाती है और समय-समय पर नीलामी भी की जाती है।

जानकारी के अनुसार डिपो के मुख्य द्वार पर जांच नाका और काष्ठागार भवन तो निर्मित हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेदार कर्मियों की अनुपस्थिति पर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कई बार जांच कक्ष बंद रहता है और वहां पर नियमित ड्यूटी में कर्मचारी दिखाई नहीं देते। इसके अलावा परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे निगरानी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए तो वन काष्ठागार डिपो की पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों पर संकट गहरा सकता है। कुछ स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वे शीघ्र हस्तक्षेप कर सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाएं।

इस संबंध में जब वन काष्ठागार परिक्षेत्र अधिकारी नगरी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण यहां हमेशा कर्मचारी मौजूद नहीं रह पाते हैं। साथ ही मेरे कार्यभार संभालने से पहले से ही सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं।

---

# बैडमिंटन खिलाड़ी खनक अब नेशनल खेलेंगी

- राज्यस्तरीय अंडर 13 चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रही टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर की बेटियां नीत-नये मुकाम हासिल कर कमाल कर रही है। गत दिनों जहां नगर की बालिकाओं ने पावस प्रसंग में कुरूद का मान बढ़ाया, वहीं कुरूद नगर में संचालित बैडमिंटन एकेडमी की खनक साहू पिता थनेंद्र साहू ने बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 13 चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

गौरतलब है कि यह आयोजन 3 से 7 सितम्बर तक किया गया था जिसमें राज्य के सभी बड़ी एकेडमी से खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उक्त प्रतियोगिता में कुरूद की खनक साहू जिला धमतरी की टीम से शामिल भी हुई थीं। बता दें कि खनक ही एक मात्र ऐसी खिलाड़ी रही जिसने अपने सभी मैच सीधे मुकाबले में केवल दो सेट में जीतकर राज्य की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन गई हैं। राज्य की टॉप सीट लेकर बढ़ी खनक अब पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व दिसम्बर में गया (बिहार) में होने वाली राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में करने जा रही हैं।

कुरूद बैडमिंटन बॉयस क्लब के सभी सदस्यों रविकांत चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, दिनेश केला , छम्मन साहू, थनेंद्र साहू, विनय अग्रवाल, कमलेश दीवान, सुरेश वर्धयानी, हरीश केला, अविनाश तिवारी, सचिन बागे, राहुल बागे, अभिषेक ठाकुर ने बालिका की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

---

# कृषि दुकानों पर कार्रवाई कई विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

खरीफ मौसम में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगरी ब्लॉक के विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान कई दुकानों से बीज, खाद और दवाइयों के नमूने लेकर उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया। प्राथमिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने कई दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि सभी विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि अगर नकली या अमानक खाद-बीज बेचने की पुष्टि होती है तो एफआईआर दर्ज कर लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही सभी दुकानों को अनिवार्य रूप से पक्की रसीद जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में नगरी, सांकरा, बेलरगांव, कौहाबाहरा, कुकरेल व अन्य ग्रामीण क्षेत्र के कई कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि किसानों के हित की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उनके लिए बीमा योजना अथवा मुआवजा प्रक्रिया सुनिश्चित करने की पहल की जाएगी। भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति न बने इसके लिए सभी कृषि दुकानों की नियमित जांच होगी। बिना पक्की रसीद बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुणवत्ता नियंत्रण की निगरानी को और मजबूत किया जाएगा। वरिष्ठ कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देशानुसार की गई है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

---

# सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में सन 2006 से 2025 तक सेवा देने वाले सेवानिवृत शिक्षक झाड़ूराम साहू को संकुल एवं विद्यालय स्तरीय विदाई दी गई। युक्तियुक्तकरण में संकुल अंतर्गत आए शिक्षकों का संकुल स्तरीय सम्मान कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेनि शिक्षक जेआर साहू थे। अध्यक्षता सुरेश साहू संकुल प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि तामेश्वरसिंह ठाकुर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मगरलोड, धीरज देवांगन पूर्व बीआरसी एवं व्याख्याता, बोड़रा सरपंच केवलराम वर्मा, उपसरपंच योगेश्वर वर्मा, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण थे।

जेआर साहू का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। संकुल अंतर्गत आने वाले शिक्षकों की सहभागिता से एवं संकुल की तरफ से उपहार सेनि शिक्षक को भेंट किया गया। साथ ही संकुल अंतर्गत आए नए शिक्षकों का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर पेन एवं डायरी भेंट की गई। सेनि शिक्षक श्री साहू को अनुशासनप्रिय, समय पर विद्यालय आने वाले, अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने वाला बताया। बच्चों ने भी यादगार भेंट प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन सलेन्द्र साहू शिक्षक द्वारा किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत, प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया।

---

# गणेशपुर में गणेश झांकियों ने लोगों का मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम गणेशपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से गणेश विसर्जन के पूर्व गणेश झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी गणेश पंडाल की समितियों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई, जिसमें प्रथम जय मां शीतला चौक, द्वितीय गांधी चौक, तृतीय सुभाष चौक तथा चतुर्थ संतोष चौक की झांकी रही। विजयी झांकियों को पुरस्कृत किया गया।

---

# शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक : कोसरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

- भुसरेंगा स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

संस्था प्रमुख यूके कोसरिया ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं होता बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे निखारना है।



विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतारें। प्राथमिक विद्यालय के प्रपा कुलेश्वर साहू ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया।

बच्चों ने शिक्षकों के लिए मटका फोड़, गीत, कविता, कुर्सी दौड़, रिंग फसाना आदि मनोरंजन कार्यक्रम रखा।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक लोमश साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

---

# मणिपुर चक्र के असंतुलन से व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है

#### मेडिटेशन कैम्प के तीसरे दिन सैकड़ों लोगों ने की साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कृषि उपज मंडी प्रांगण में आचार्य विजयराज मसा के आज्ञानुवर्ती विराजित महासती वैभव श्रीजी आदि ठाणा 3 की प्रेरणा से आयोजित आठ दिवसीय मेडिटेशन कैम्प का आज तीसरा दिन रहा। 8 सितम्बर से प्रारंभ हुए इस शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। लगभग 490 से अधिक लोगों ने ध्यान की साधना में हिस्सा लिया।

महासती वैभव श्रीजी ने आज के सत्र की शुरुआत प्राणायाम से कराई और ध्यान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मणिपुर चक्र का परिचय कराते हुए बताया कि यह चक्र हमारे शरीर की अग्नि शक्ति का केंद्र है। इसके असंतुलन से गैस, एसीडिटी, अल्सर, लिवर एवं पेंक्रियाज संबंधी रोग उत्पन्न होते हैं तथा व्यक्ति चिड़चिड़ा और अस्थिर हो जाता है। संतुलन साधकर इन बीमारियों को जड़ से दूर किया जा सकता है।

मौके पर नगरी अनुविभागीय अधिकारी प्रीति दुर्गम, नपं नगरी के पार्षद, जीवन नाहटा, अशोक संचेती, उत्तम साहू सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी, डॉक्टर, शिक्षक, कृषक एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

---

जीजामगांव महाविद्यालय में स्वागत समारोह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया

# लोगों की मदद करने से कभी न चूकें : गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में स्वागत समारोह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्था के प्रमुख डॉ सीआर यदु थे। विशेष अतिथि वायपी गोस्वामी रहे। अन्य अतिथि अनिल जांगड़े, लीना बैस, सुश्री तारिणी साहू, टाकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे, श्रीमती पुष्पा दर्रो, वालेंदुसिंह राजपूत, पृथ्वीराज साहू, कार्यालय प्रमुख टकेश साहू, भीम यादव थे।

गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए श्री गोस्वामी ने कहा कि हम जीवन में कोई भी कार्य करे पर हमेशा अपने साथ और लोगों की मदद करने से कभी भी न चूकें। डा. यदु ने वशिष्ठ जी, संदीपनी जी और चाणक्य जैसे गुरुओं का उदाहरण देते हुए शिष्यों को श्रीराम-श्रीकृष्ण और चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महान बनने की प्रेरणा दी। क्विज कार्यक्रम के दौरान पुष्पा






मैडम ने बच्चों को इकोनॉमिक्स के बारे में बताते हुए एक गीत प्रस्तुत किया। पृथ्वी और अनिल सर ने डायलॉग्स प्रस्तुत किए। वालेंदु ने विवाह के महत्व पर प्रकाश डाला। तेजराम साहू ने सोहर गीत प्रस्तुत किया। टकेश्वर ने गीत प्रस्तुत किया। इसी तरह सभी प्राध्यापकों से बच्चों ने कुछ न कुछ एक्टिविटी करवाई। गुब्बारे को पैर के बीच रखकर दौड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वालेंदु, डेविड और लीना और तारिणी विनर रहे। नवप्रवेशित छात्राओं के लिए विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें पेपर डांस, रैंप वॉक, बॉटल गेम, बैलून गेम रहे। मिस फ्रेशर पल्लवी बैस बीए प्रथम सेमेस्टर व मिस्टर फ्रेशर नागेंद्र चौहान बीकाम प्रथम सेमेस्टर का सम्मान दिया गया साथ ही बेस्ट लुक, बेस्ट एक्टिविटी, बेस्ट मैचिंग ड्रेस, बेस्ट ड्रेस, मिस ब्यूटी से छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

---

# भक्ति गीत सुनाकर किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में श्रीफल, पेन एवं उपहार भेंट किया। प्राचार्य पनेश सेन ने छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। रूपा साहू ने छात्रों को गीत के माध्यम से प्रोत्साहित किया। भुनेश्वरी देवांगन ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत कर छात्रों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारती मरकाम ने छात्रों को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर मुगल मरकाम, दामिनी, विनीता, भारती, रूपेश्वरी, रूपा, भुनेश्वरी, टोमेश साहू, भरत, विकास, सूर्या उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिले के सचिवों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# कम कर वसूली पर पंचायत सचिवों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी, कुरुद, मगरलोड और नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन, कर वसूली एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचायतों की आय बढ़ाने, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लंबित कार्यों में गति लाने तथा स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना होगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव उपस्थित थीं। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि 2 से 10 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर पौधरोपण और स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। सचिव समर्थ पंचायत पोर्टल के माध्यम से कर वसूली की ऑनलाइन एंट्री करें तथा करारोपण अधिकारी अधिकतम वसूली करें। कम कर वसूली पर जिम्मेदार पंचायत सचिवों के विरुद्ध वेतन रोकने व कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई की जाएगी। जिले में ऐसे पीएम आवास (ग्रामीण) जो प्लिंथ स्तर पर लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा करें। उन्होंने नगरी और मगरलोड विकासखंड की कई पंचायतों में कमजोर प्रदर्शन पर विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने अटल सुविधा केंद्र भोथापारा, ठेनही, बोरई एवं फरसियां के कार्य एक माह में पूर्ण कराने और सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन एसडीओ से कराने के आदेश दिए। वहीं मनरेगा योजना के तहत बने डबरी और तालाबों में मत्स्य पालन की संभावना को देखते हुए पंचायत सचिवों को किसानों को प्रोत्साहित करने व एविश सर्वे कराने को कहा गया। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर, कुरुद सीईओ अमित सेन, मगरलोड सीईओ दिव्या ठाकुर, नगरी सीईओ रोहित बोर्झा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता रामनारायण राठौड़, विभागीय अधिकारी, करारोपण अधिकारी एवं ग्राम सचिव उपस्थित थे।

## सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने घड़ी चौक में उपराष्ट्रपति पद पर भाजपा व राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के विजयी होने पर पटाखा फोड़कर व मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने कहा कि भाजपा ने पंच से लेकर सरपंच, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तक के पद में सभी वर्ग को सम्मान दिया है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला प्रभारी हेमराज सोनी ने बताया कि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पिछड़ी जाति का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को पिछड़ी जाति को सम्मान देने पर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री संतोष सोनकर, शहर अध्यक्ष दीपक देवांगन, प्रदेश सदस्य शिवनारायण छाटा, गंगा सिन्हा, योगेश साहू, नंदू लोधी, राजू सोनकर, सतीश कश्यप, दिलीप पटेल, संजय देवांगन, मनीष शर्मा, देवेश अग्रवाल, विशाल रामख्याणी, प्रीतपाल आजमानी, लक्की सिंह, भागवत यादव शामिल रहे।

## रामलला के दर्शन के लिए 31 श्रद्धालु रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और छग सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला अयोध्या दर्शन एवं भगवान काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए नगरी जनपद से श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस योजना के तहत जनपद पंचायत नगरी से कुल 31 दर्शनार्थी शामिल हुए। दर्शनार्थियों को जनपद परिसर से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस तथा जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को विदा किया।

इस अवसर पर नपं नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिपं सभापति अजय ध्रुव, नपं नगरी के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, बेलर मंडल महामंत्री दीपक साहू, मोनू साहू, नगर तहसील साहू समाज अध्यक्ष कवल साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की। दर्शनार्थियों ने कहा कि यह अवसर उनके जीवन का सौभाग्य है और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## नवाखाई पर्व परंपरागत ढंग से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



गोंड़वाना समाज टांगापानी उपक्षेत्र द्वारा गायता ठाकुर जोहारनी नवाखाई पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस बीच आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आई। महापर्व पर वरिष्ठों ने अपने आराध्य देव से समाज की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामना भी की।

इस अवसर पर उपक्षेत्र अध्यक्ष संतोष नेताम, उपाध्यक्ष शिवलाल नेताम व छेडू राम नेताम, सचिव सोहनलाल मरकाम, सलाहकार रतिराम नेताम, संरक्षक ठाकुर रामकुंजाम व पंचम सिंह सलाम, कुंगेरा सरपंच मुकेश कुमार, टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी, नील कुमार, दुर्गाबाई, युवा प्रभाग अध्यक्ष सरजू राम कावडे, धनसाय नागवंशी, राम सिंह मरकाम, प्रमोद कुंजाम सहित अन्य मौजूद थे।

## सहकारी समिति बोड़रा पुरी में हुआ किसानों का सम्मान



- 2027 तक आदर्श समिति बनाने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्राथमिक साख सहकारी समिति बोड़रा पुरी की वार्षिक साधारण बैठक गुरुवार को हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू थीं। अध्यक्षता बालाराम साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, पूर्व अध्यक्ष डोमन चंद्राकर एवं मोतीराम साहू थे। कार्यक्रम में बिजनापुरी सरपंच हेमलाल ध्रुव, बोड़रा पुरी सरपंच जीवनलाल देवांगन सहित पुरी, काशीपुरी, गोपालपुरी, सरसोपुरी, बिजनापुरी के किसान उपस्थित थे। इस दौरान किसानों का सम्मान किया गया।

आवक- जावक की जानकारी के साथ लाभ का बजट पेश किया। किसानों ने अपने सुझाव दिए। 2027 तक आदर्श समिति बनाने का लक्ष्य रखा। इस दौरान किसानों ने वाटर कूलर, किसान कुटी की मांग पूर्व विधायक से की। श्रीमती साहू ने सहयोग का आश्वासन दिया। बोड़रा एवं बिजनापुरी के सरपंचों ने समिति भवन में फर्शीकरण के लिये सहमति दी। पुरी सरपंच द्वारा समिति में शुध्द जल हेतु मोटर पम्प दिया गया। समिति भवन के मुख्य द्वार पर दस हजार की लागत वाला दरवाजा काशीपुरी के किसान रामकृष्ण साहू द्वारा भेंट किया गया। पूर्व सरपंच विजय ध्रुव, हीरालाल ध्रुव, श्रवण कोसरिया शिक्षक ने सौंदर्यीकरण हेतु सहयोग राशि समिति को दी। समिति के प्राधिकृत चिरौंजी लाल साहू ने क्षेत्र के किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। पद भार ग्रहण करते ही श्री साहू ने गोपालपुरी एवं सरसोपुरी में राशन दुकान खुलवाई।

कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य भगत सिंह यादव, पूर्व समिति संचालक नारायण यादव, रेखलाल साहू, पोखन, रामकृष्ण साहू, कामता साहू, खिलावन निर्मलकर, सुखदेव नेताम, टीकाराम निर्मलकर, अश्वनी साहू, देवनाथ साहू, रमेश साहू, चूड़ामणि यादव, श्याम यादव, डोमन चंद्राकर, मोतीराम साहू, हरेंद्र साहू, समिति के प्रबंधक बलदेव राम साहू, ललित यादव, होरीलाल साहू, तलेश्वर साहू, रामेश्वर ध्रुव, नमिता देवांगन, बैंक प्रबंधक कृष्णा साहू, श्री सिन्हा के अलावा बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन हिम्मत साहू तथा आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक बलदेव राम साहू ने किया।

## लईका घर से माताओं को बच्चों की देखरेख में सहूलियत होगी : क्षमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- उमरगांव में लईका घर का हुआ शुभारंभ

ग्राम उमरगांव में लईका घर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि क्षमा साहू सदस्य जपं नगरी थी। अध्यक्षता अंजना ध्रुव सरपंच उमरगांव ने की। विशेष अतिथि श्रीमती सरोज शेष, लक्ष्मीनाथ काशीव, वरिष्ठ ग्रामीण कुंवरसिंह नेताम थे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर तथा फीता काटकर लईका घर का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षमा साहू ने कहा कि लईका घर के खुलने से माताओं को बच्चों की देखरेख में सहूलियत होगी। बच्चों का समग्र विकास होगा। कामकाजी महिलाओं को बच्चों की देखरेख में सहायता मिल सकेगी। अध्यक्ष अंजना ध्रुव सरपंच उमरगांव ने कहा कि लईका घर से बच्चों की नींव मजबूत करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर ग्राम पंचायत द्वारा हरसंभव सहायता दिए जाने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि एवं पंच काशीनाथ ने लईका घर की प्रशंसा करते हुए कहा कि लड़का घर से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को मजबूत बनाने की दिशा में मदद मिलेगी।

इस दौरान लईका घर कार्यक्रम, केंद्र के अंदर मिलने वाली सेवाएं, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों की देखभाल, सुरक्षा, संचालन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मोबाइल क्रैशिज संस्था से श्याम सिंह, मुकेशकुमार, उपेंद्रकुमार, लोकेश्वर कुमार, देखभाल कार्यकर्ता धनेश्वरी ध्रुव, रेवती साहू सहित पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला औषधि विक्रेता संघ की हुई कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले भर के केमिस्टों के लिए धमतरी के केमिस्ट भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नशा और बढ़ते हुए अपराध को लेकर चर्चा की गई। केमिस्टों को किसी मरीज या ग्राहक को बिना पर्ची के दवाई नहीं बचने की सलाह दी गई और अपना व्यापार सतर्कता से करने कहा गया। नारकोटिक दवाइयों का रिकॉर्ड रखकर विभाग को अवगत कराने की बात कही। साफ सुथरा और सुरक्षित व्यवसाय करने की हिदायत दी गई। केमिस्टों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने मेडिकल से नशा करने वाले व्यक्ति को दवाई न दें।

मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव सतराम वासानी, कोषाध्यक्ष नीरज किरण, संरक्षक मनीष चंद्राकर, संयोजक तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, गोविंद गांधी, दिनेश डे, दिनेश पंजवानी, पुरुषोत्तम वासानी, अशोक खटवानी, प्रकाश वासानी, विजय ददलानी, डॉ गजेंद्र साहू, रेवतीरमण तिवारी, उत्तम सिन्हा, नितेश हिरवानी, वैभव मेहता, विवेक संघवी, चंद्रदीप सिंह, नीरज नाहर, मितेश नाहर, रिखभ जैन, तोरण बनपेला, राकेश साहू, डॉ. रोशन साहू, निखिल चंद्राकर नवीन साहू, घनाराम साहू, धर्मेंद्र केशरवानी, भूपेंद्र साहू समेत जिले के केमिस्ट मौजूद थे।

### बैंकों ने 10 करोड़ के 15 प्रकरण स्वीकृत किए

# कृषि के साथ पशुपालन के क्षेत्र में जिले ने नया मुकाम हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कभी गांवों में पशुपालन को सिर्फ सहायक काम माना जाता था। घर में दूध, अंडा या थोड़ा-बहुत मांस मिल जाए, बस इतना ही। लेकिन आज धमतरी जिले की तस्वीर बदल चुकी है। अब यही पशुपालन किसानों की आर्थिक रीढ़ बन गया है और गांव की खुशहाली की पहचान भी। खेतों के साथ-साथ पशु शेड भी किसानों की आय बढ़ाने के बड़े साधन बन गए हैं।

जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एलएलएम) अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) में भी जिले से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में से बैकयार्ड पोल्ट्री एवं हैचरी, भेड़ एवं बकरी पालन तथा पिगरी (सूकर पालन) जैसे प्रकरण शामिल हैं। अब तक कुल 37 प्रकरण प्रेषित हुए, जिनमें 28 की स्वीकृति मिल चुकी है। भेड़-बकरी पालन के 28 में से 24 प्रकरण एसआईए में लंबित रहे, जबकि 15 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए।

वहीं, पोल्ट्री और पिगरी उद्यमिता से जुड़े आवेदनों में भी किसानों को लाभान्वित किया गया है जिनकी लागत लगभग 10 करोड़ रुपये है। यही कारण है कि धमतरी जिले ने पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश में एक नया मुकाम हासिल किया है। पशुपालन क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत प्रदेश में जिला अग्रणी है। यही कारण है कि धमतरी जिले ने कृषि के साथ पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश में एक नया मुकाम हासिल किया है।

ये प्रकरण केवल कागज़ी आंकड़े नहीं हैं, बल्कि गांव-गांव में किसानों के सपनों को पंख देने वाली कहानियां हैं। कहीं कोई किसान दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए ऋण लेकर आधुनिक डेयरी यूनिट खड़ा कर रहा है, तो कहीं महिलाओं की समिति बकरी पालन से आत्मनिर्भर बन रही है। ये प्रकरण कभी व्यक्तिगत तो कभी सामूहिक स्वरूप में स्वीकृत हुए हैं, लेकिन हर मंजूरी ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। किसानों की सुविधा के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना भी गांवों तक पहुंची है। जिले में 1700 आवेदन तैयार किए गए, जिनमें से 180 किसानों को स्वीकृति भी मिल चुकी है।

पशुपालन को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के तहत भी किसानों ने बड़ी पहल की है। बैकयार्ड पोल्ट्री, भेड़-बकरी पालन और पिगरी जैसी गतिविधियों से ग्रामीणों की जिंदगी बदल रही है। अब तक 37 प्रकरण भेजे गए हैं, जिनमें से 28 को मंजूरी मिल चुकी है।

## अंचल की खबरें

### टिकेश व ओनम राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित





**पुरूर/धमतरी।** गुरूर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पेंडरवानी के स्काउट टिकेश कुमार व गाइड ओनम मेश्राम को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 31 अगस्त को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में दिया गया। समारोह के अतिथि भारत सरकार के खेलमंत्री डा मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कर्नाटक सांसद, दिल्ली सांसद मनोज तिवारी एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य आयुक्त खांडेवाल थे। इस समारोह में छत्तीसगढ़ से कुल 20 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे। टिकेश कुमार का मार्गदर्शन स्काउट मास्टर मारुति शर्मा ने किया। वहीं ओनम मेश्राम को गाइड कैप्टन सोनी का मार्गदर्शन मिला। स्काउट टिकेश कुमार व गाइड ओनम मेश्राम की इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ, सरपंच त्रिलोकीराम साहू, पूर्व सरपंच सत्यवान साहू, गोर्वधन मेश्राम, भागचंद साहू, पूर्व उपसरंच खिलेश कुमार साहू, शिक्षक प्रहलाद साहू, कमलेश कुमार साहू, गोकुल राम साहू, टिकेश्वर देवांगन समेत अन्य ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### कर्मा नगर में 9.18 लाख से बनेगी नाली महापौर ने किया भूमिपूजन



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड की कर्मा नगर कॉलोनी में शनिवार को 9.18 लाख रुपये की लागत से होने वाले आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा ने किया। भूमिपूजन के उपरांत महापौर श्री रोहरा ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम का पहला दायित्व है कि हर नागरिक को सड़क, बिजली, पानी और निस्तारी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में दुष्यंत साहू, भुवनेश्वर सिन्हा, लोकेश साहू, नीलमणि साहू, दीपशिखा, महेश साहू, विजय साहू, गोकुलपुर वार्ड पार्षद गजेंद्र कंवर, डॉ. परेश सोनी, देवानंद निषाद, नरोत्तम साहू, हेमलता सिंह, तीरथ साहू, सुनीता साहू, इंद्राणी साहू, रामानंद साहू, पवन गजपाल, श्रीमती विभा चंद्राकर, चंद्रभागा साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### बठेना स्कूल के विद्यार्थियों को गुड टच, बैड टच की दी जानकारी



**धमतरी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में महेत्तरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बठेना में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विधिक साक्षारता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीमती नेहा उसेन्डी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच को सरल भाषा में बताया कि शरीर के कौन-कौन से हिस्से संवेदनशील होते हैं और कोई भी व्यक्ति बिना उनकी अनुमति के इसे नहीं छू सकता। बच्चों को यह भी समझाया कि किसी भी अनुचित स्पर्श की स्थिति में उन्हें कैसे सतर्क रहना चाहिए जैसे जोर से ना कहना, शोर मचाना, भरोसेमंद व्यक्ति को बताना और तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करना साथ ही रैगिंग अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, बाल विवाह निवारण अधिनियम 1929, मोटर व्हीकल एक्ट, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध एवं विधिक सलाह एवं सहायता, आशा योजना, जागृति योजना, संवाद योजना एवं डॉन योजना के बारे में बताया।

### बिरेतरा स्कूल में हुआ शिक्षकों का सम्मान



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी व उनके व्यक्तित्व को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। रुद्रप्रताप कक्षा ग्यारहवीं ने गुरु की महत्ता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। शिक्षकगणों के लिए मनोरंजक, खेलकूद तथा ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी तथा पहेली कार्यक्रम रखा गया। शिक्षकों को श्रीफल, पेन एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं की छात्रा भावना, वर्षा ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष टीकाराम साहू, सांसद प्रतिनिधि अलखराम सेन, पालक तोरण लाल साहू, प्राचार्य गेवाराम नेताम, वरिष्ठ व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकर, रोहित कुमार साहू, खेदी साहू, डी. संगीता राव, साजिया परवीन, चेतन लाल देवांगन, चंद्रशेखर यादव, व्यायाम शिक्षक अश्वनी कुमार पाटकर, सहायक शिक्षक दुलेश्वर सिंह साहू, शिक्षिका माला साहू, मोनिका साहू, सत्यवती साहू, लिपिक सेवाराम यादव, भृत्य ईगन साहू सहित छात्र संघ अध्यक्ष भगत सिंह, उपाध्यक्ष मुनेश कुमार, सचिव टीनम, अनुशासन सचिव मेनका, सहसचिव नरेंद्र, सांस्कृतिक सचिव भावना, सहसचिव डिंपल, ताराचंद उपस्थित थे।

### कोंगेरा में नवाखाई पर्व मनाया गया

**नगरी।** गोंडवाना समाज उपक्षेत्र टांगापानी के ग्राम कोंगेरा में उत्साह और उमंग के साथ नवाखाई महापर्व एवं ठाकुर जोहारनी का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर पर्व को यादगार बनाया।

### निधन : गुल्फीराम साहू



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी गुल्फीराम साहू 74 वर्ष का निधन 9 सितंबर मंगलवार को हो गया। वे गांव के बजरंग मानस मंडली के पूर्व अध्यक्ष और साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष थे। वह नीराबाई साहू के पति व नीलमणि साहू, जितेंद्र साहू, रुपेश्वरी साहू, सुमित्रा साहू के पिता और देवसिंग साहू, श्यामलाल साहू, रामकुमार साहू के भाई तथा लोचन साहू, हिरेन्द्र साहू, कोमल साहू, तोषल साहू के बड़े पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में परिजन, समाजजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

### गागरा में रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मेलन 20 से

**पुरी।** ग्राम गागरा में रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन 20 से 21 सितंबर तक किया गया है। प्रथम पुरस्कार 3501, द्वितीय 3001, तृतीय पुरस्कार 2501 रु. रखा गया है। दीप प्रज्वलन एवं शुभारम्भ अवसर के मुख्य अतिथि रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष होंगी। अध्यक्षता अनिता साहू सरपंच गागरा करेंगी। विशिष्ट अतिथि शुभ्रजीत जैना, उत्तम चोपड़िया ग्रामीण अध्यक्ष, तीजम कौशिक ग्रामीण सचिव, प्रहलाद साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, रामाधार साहू, हेमलाल धीवर, नरेशदास बघेल होंगे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता अनिता साहू सरपंच गागरा करेंगी। विशिष्ट अतिथि गोपीचंद यादव उपसरपंच गागरा, पवन साहू, मनोज ध्रुव, देवेन्द्र साहू, यशवत साहू, अवधराम ध्रुव सेनि प्रधानपाठक, कुंदनसिंह नेताम सेनि प्रपा गागरा, इन्द्रेशसिंह नेताम सेनि प्रपा गागरा होंगे। यह जानकारी मनोज ध्रुव पूर्व पंच ने दी।

### बोड़रा में रामधुनी स्पर्धा 12 से



**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम बोड़रा स में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 12 सितम्बर शुभारंभ के अतिथि सरपंच सुमन साहू, रवि कुमार साहू उपसरपंच, उषा देवी, फुलवा बाई, उकेश्वरी, मुकेश सरकार, अशोक गुप्ता एवं पंचगण होंगे। 13 सितम्बर के अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू, सुमन साहू, धनेश्वरी साहू, दिलीप सेन, पूर्णिमा बनपेला, अशोक साहू, पंचगण होंगे। 14 सितम्बर को समापन होगा। अतिथि विधायक ओंकार साहू, सुमन साहू, ब्रजेश जगताप, घनश्याम साहू, रवि कुमार साहू, सुशील गुप्ता, दशरथ साहू, पंचगण होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों की 20 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रूपए, द्वितीय 3001 रूपए, तृतीय 2001 रूपए तथा चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपए दिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मंडली को 2501 रूपए सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। गायन पर प्रथम 2501 रूपए, द्वितीय को 1501 रूपए, अनुशासन टीम प्रथम इनाम 501 रूपए, झांकी पर 501 रूपए, गायन पर 501 रूपए अलग से दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू, उपाध्यक्ष रूपेश साहू, कोषाध्यक्ष महेन्द्र साहू, सचिव लखन ध्रुव, सहसचिव बलराम साहू, सदस्य मोहन साहू, कमल साहू, पूनम साहू, संतराम साहू, खम्हन साहू, घनश्याम साहू, भरोसा साहू, सरपंच सुमन साहू, उपसरपंच रवि कुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

- विभिन्न गांवों की 20 मंडलियां देंगी प्रस्तुति

ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

# पानी टंकी अधूरी, अंचल के ग्रामीण प्यासे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विकासखंड नगरी के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत ठेन्ही एवं इसके आश्रित गांव गाताभर्री, बासीन, तुमडीबाहरा, दौड़पानी सहित अन्य गांवों के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई जा रही पानी टंकी का निर्माण पिछले डेढ़ से दो वर्षों से अधूरा पड़ा है।

वहीं अधूरी टंकी, हिलती सीढ़ियां और गुणवत्ता पर सवाल करते हुए ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू से ही गुणवत्ता विहीन रहा। सीढ़ियों को सीधे और असुरक्षित तरीके से बना दिया गया, वहीं लगी हुई रेलिंग पूरी तरह हिल रही है। देखने से साफ प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है। निर्माण के दौरान एक मजदूर की मौत भी हुई थी, लेकिन ठेकेदार और विभाग ने सुरक्षा मानकों की परवाह नहीं की।

#### करेंगे उच्च अधिकारियों से शिकायत

ग्राम पंचायत ठेन्ही के सरपंच एवं उपसरपंच ने बताया कि पानी टंकी निर्माण में भारी अनियमितताएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि अब इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों और विभागीय मंत्री से की जाएगी।

#### अधिकारियों ने नहीं ली सुध

ग्रामीणों ने बताया कि टंकी निर्माण कार्य के समय से लेकर अब तक विभागीय अधिकारी मौके पर कभी नहीं पहुंचे। ग्रामीण कई बार समस्या लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तक पहुंचे, लेकिन न तो जलापूर्ति शुरू हुई और न ही अधूरा निर्माण पूरा हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ घरों में 100 नल कनेक्शन दिए तो गए, लेकिन उनमें अब तक एक बूंद पानी भी नहीं आया। नतीजतन ग्रामीण आज भी तालाब और सौर ऊर्जा से चलने वाले हैंडपंपों पर निर्भर हैं।

#### ग्रामीणों में गहराया आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना केवल कागजों में सिमट कर रह गई है। दो वर्ष बीतने के बाद भी उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद अधूरी खड़ी टंकियां अब ग्रामीणों के लिए केवल देखने की वस्तु बन गई हैं।

#### टंकी में तकनीकी खामियां

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ ठाकुर ने स्वीकार किया कि टंकी में तकनीकी खामियां आई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही टेढ़ी बनी टंकी को तोड़कर नई टंकी का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही अधूरे बचे कार्य को प्राथमिकता से पूरा कर ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## जोरातराई में नवरात्रि पर होगी रामधुनी स्पर्धा

**कुरुद।** ग्राम जोरातराई सि. में अनुराग दुर्गा उत्सव समिति एव ग्रामवासियों के सहयोग से छह दिवसीय भव्य रामधुनी झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 3501 रू, द्वितीय 3001 रू, तृतीय 2501 रू, चतुर्थ 2001 रू, पंचम पुरस्कार 1501 रखा गया है। संगीत विशेष पर 501 रू, झांकी विशेष पर 501 रू, अनुशासन पर 501 रू. है। प्रत्येक प्रतिभागी मंडली को 4101 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा।

प्रतियोगिता में जय मां शीतला महिला रामधुनी मंडली मालगांव कांकेर कथा प्रसंग-सीता स्वयंबर। जय मां शीतला रामधुनी मंडली गुजरा धमतरी कथा प्रसंग- बाली मोक्ष। जय मां दुर्गा बालक रामधुनी मंडली बोरसी/भोथा कथा प्रसंग- नरसिंह अवतार। आदर्श रामधुनी मंडली जामगांव कथा प्रसंग-श्रवण कुमार। जय बजरंग रामधुनी एवं जस मंडली रामपुर परसट्ठी मगरलोड कथा प्रसंग सीताहरण। जय छत्तीसगढ़ी रामधुनी मंडली बनबगौद धमतरी कथा प्रसंग राजा हरिश्चंद्र का मंचन होगा। आयोजन की तैयारी में गजेंद्र साहू, गैंदलाल साहू, नरोत्तम, भीखम साहू, नन्दकुमार, गोवर्धन साहू, टिकेश्वर साहू, नरेश साहू, प्यारेलाल साहू आदि जुटे हुए हैं।

## सड़कों की धूल, राइस मिलों के राखड़ से जीना हुआ मुहाल

घरों, दुकानों में धूल की जम रही मोटी परत, राहगीर चेहरा ढंककर चलने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आबादी बढ़ने के साथ शहर में वाहनों व उद्योग धंधों की संख्या बढ़ गई। खराब सड़कों की धूल, राइस मिलों के राखड़, वाहनों से निकलने वाले काले धुएं, कार्बन मोनो आक्साइड हवा में घुलकर जहरीला हो गया है। लोगों को अब रुमाल, गमछा, मास्क लगाकर चलना पड़ता है। सड़कों की बात करे तो बारिश के कारण सड़कों का डामर उखड़ गया है। वाहनों के चलने से धूल का गुबार लोगों को परेशान कर रहा है। यह श्वासनली में जाकर फेफड़े, आंत, हृदय, लिवर, किडनी में इन्फेक्शन पैदा कर रहा है। शहर की आबोहवा खराब होने से लोगों का राह चलना दूभर हो गया है।

सबसे ज्यादा परेशानी सिहावा रोड में है। सिहावा रोड से लेकर कोलियारी तक धूल का गुबार 24 घंटे दिखाई दे रहा है। घरों, दुकानों में धूल की परत 24 घंटे जमने लगी है। यही स्थिति रत्नाबांधा चौक से ग्राम मुजगहन तक की है। जहां धूल के कण ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। बस स्टैंड, गुजराती कालोनी, बठेना वार्ड, हरफतराई, नवागांव वार्ड, सिहावा रोड के रहवासी राइस मिलों के राखड़ से परेशान हैं। रायपुर से श्यामतराई, अंबेडकर चौक, रूद्री चौक, लक्ष्मी निवास से बिलाईमाता व नहर नाका चौक तक लोग वाहनों के धुएं व शोर से परेशान हैं।

## अमर टाकीज परिसर में होगा गरबा महोत्सव, प्रशिक्षण 16 से

- गरबा शहरवासियों को जोड़ने की है धार्मिक पहल : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



घड़ी चौक के पास अमर टाकीज परिसर में पं. राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर गरबा का आयोजन किया गया है। आयोजन के संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने बताया कि शहर की गौरवशाली धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व की तरह इस बार भी गरबा का आयोजन किया गया है। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सुव्यवस्थित तथा संस्कारों से युक्त मंच देने की कोशिश की जा रही है। पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी वॉलिंटियर्स उपलब्ध रहेंगे। वरिष्ठ सदस्य दिलीप राज सोनी ने शहरवासियों से गरबा महोत्सव का लुत्फ उठाने का आग्रह किया है। गरबा में भाग लेने वालों के लिए आयोजन समिति द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। सुप्रसिद्ध गरबा आर्टिस्ट कृष्ण मकवाना द्वारा विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण राधाकृष्ण भवन में 16 से 20 सितंबर को दोपहर 3:30 से शाम 6 बजे तक दिया जाएगा।

## शराबी प्रधानपाठक से बालक पालक, स्टाफ परेशान

- कार्रवाई के लिए बीईओ ने प्रस्ताव बनाकर डीईओ कार्यालय भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

विकासखंड के वन क्षेत्र में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शराबी प्रधानपाठक से बालक-पालक व स्टाफ परेशान है। पालक, ग्रामीण, पंचायत अधिकारियों ने 4 अगस्त को बीईओ को लिखित आवेदन कर प्रधानपाठक पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पत्र में बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ प्रधानपाठक भोजराम कंवर शराब के नशे में स्कूल आता है। वह आदतन शराबी है। ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर बीईओ मनीष ध्रुव ने शाला स्थल का निरीक्षण किया जिसमें शिकायत सत्य पाई गई। बीईओ मनीष ध्रुव ने कहा कि प्रधानपाठक श्री कंवर द्वारा पद की गरिमा को कलंकित करने से शिक्षा जगत शर्मसार हो रहा है। उन्होंने प्रधानपाठक पर उचित दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव बनाकर डीईओ कार्यालय भेजा। बालक, पालक, ग्रामीण, शाला प्रबंधन समिति, पंचायत पदाधिकारी ने लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रधानपाठक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं : ज्योति

**अंवरी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर भखारा भठेली नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित सम्मान समारोह में नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने शिक्षकों का सम्मान किया।

## शिक्षक ही विद्यार्थियों के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं : नितिन



- डीपीएस में उत्साह से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



दिल्ली पब्लिक स्कूल में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल तथा श्रीमती निधि अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा थे। समारोह का आयोजन विद्यालय के समन्वयक सतप्रीत सिंह धंजाल एवं रोहित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख शैलेश बाजपेयी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया।विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें संगीत, नृत्य और नाटिका शामिल रहे। शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भोजन की व्यवस्था स्वयं विद्यार्थियों ने की, जिससे गुरु-शिष्य परंपरा की सजीव झलक देखने को मिली। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के सच्चे पथ प्रदर्शक और भविष्य निर्माता होते हैं।

## गौमाता के सेवा कार्य के साथ प्रीतेश ने मनाया अपना जन्मदिन

गौमाता, गंगा, गीता, ग्रंथ से ही जीवन की यात्रा होती है सुखद व सफल : गांधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने अपने जन्मदिन को एक आध्यात्मिक कड़ी से जोड़ते हुए सुबह से ही अपने परिवारिक सदस्यों एवं इष्ट मित्रों के साथ मंदिरों में पूजा की। उसके बाद राष्ट्रीय गौशाला पहुंचकर गौमाता को चारा, पानी के साथ ही केला, गुड़, सवामनी भोजन कराया।

गौमाता की पूजा- अर्चना कर आरती उतारी। यहां पर आगंतुकों से मिलने का सिलसिला दोपहर बाद तक चालू रखा। श्री गांधी ने एक अनौपचारिक चर्चा में कहा कि हिंदुत्व एवं सनातन की पहचान गौ माता, गंगा, गीता व ग्रंथ है जिसके सानिध्य में ही हम अपने जीवन को सफल बनाकर सुख और मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष ज्योति साहू, राजू सिन्हा, पिंटू यादव, नरेंद्र जायसवाल, जागेश्वर साहू, लालचंद सिन्हा, ऋषभ, आगेश्वर, कुशल, चेतन सिन्हा, नानू उपस्थित थे।

### युवाओं ने किया रक्तदान



भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी का जन्म दिवस 10 सितंबर को मनाया गया। इससे पहले एक दिन उनके शुभचिंतकों योगेश केसरिया तथा रोहनदीप साहू ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती ब्रेन ट्यूमर के बीमार व्यक्ति के लिए रक्तदान किया। इस पर प्रीतेश गांधी और दयाराम साहू ने उन्हें साधुवाद देते हुए कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग दूसरों की सहायता के लिए करना चाहिए। युवाओं को देश की पूंजी बताया।

## राज्यस्तरीय एडवेंचर शिविर में भाग लेने स्काउट्स एवं गाइड्स रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अभय कुमार जायसवाल, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू के निर्देशन व जिला संगठन आयुक्त स्काउट नेमलाल गंगेले और जिला संगठन आयुक्त गाइड हिना भेंसले के नेतृत्व में जिला संघ धमतरी के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर्स 11 सितंबर तक ग्राम जलकी, सिरपुर जिला महासमुंद में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक आपदा प्रबंधन एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर में भाग लेने रवाना हुए। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स, रोवर रेंजर्स एवं प्रभारी स्काउटर डुवेंद्र कुमार मंडावी, गाइडर श्रीमती राधिका नेताम को रवाना करने के लिए डीओसी गाइड हिना भेंसले, प्रभारी शिक्षक श्रीमती योगिता कंवर, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती रजनीगंधा जगताप की उपस्थिति रही। टीम के प्रतिभागी शिविर में जिप लाइन, स्पोर्ट वॉल क्लाइंबिंग, जेट स्विंग एडवेंचर गतिविधि के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थल लक्ष्मण मंदिर देखेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल द्वारा बाल अर्जुन के शासनकाल की महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी। सिरपुर में गंधेश्वर महादेव का दर्शन, स्वास्तिक विहार, तिवरदेव बिहार में खुदाई से निकले लाल पत्थरों से निर्मित कलाकृतियों का अध्ययन करेंगे।

### कलम देकर किया शिक्षकों का सम्मान

**धमतरी।** शा. हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर व श्रीफल एवं पेन भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

## सर्वोदय स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी साहू, शैलेन्द्र पाल भूतपूर्व प्राचार्य मेनोनाइट हिन्दी उमाशा धमतरी, टीआर सिन्हा प्राचार्य सर्वोदय उमाशा एवं समस्त शिक्षक थे। स्वयंसेवकों ने बारी-बारी से गुरूओं का तिलक वंदन किया। श्रीमती लक्ष्मी साहू ने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।







